# DIRECTORATE OF PLANT PROTECTION, QUARANTINE AND STORAGE
## (An attached office of Ministry of Agriculture)
## Old CGO Complex, NH-IV, Faridabad, Haryana- 121 001

**File No.14-15/2007-Adm.I** **Date: 30th September, 2011**

**Sub:- Hiring of Consultant for Packaging of Pesticides & Chemicals in the Sectt. of CIB&RC.**

Applications are invited for one post of Consultant on contract basis for work relating to Packaging of Pesticides & Chemicals in the Secretariat of Central Insecticides Board & Registration Committee (CIB&RC). Retired Govt. servants can also apply in accordance with the instructions prevailing on the subject.

**1. Precise Statement of Objectives & Outline of tasks to be carried out:-**

Scrutiny of applications received in the Secretariat of Central Insecticides Board & Registration Committee (CIB&RC) under Sec. 9(3), 9(3-b) and 9(4) of the Insecticides Act, 1968 and rules framed there-under. The examination will be undertaken as per laid down norms.

Offer comments from packaging angle with justification and also prepare the agendas for the RC meeting apprising full facts.

Assist the Secretariat in the meetings of the CIB&RC.

Any other work incidental to the above.

**2. Schedule of completion of tasks:**

The Consultancy will be for a period of 7 working days in a month as decided by the Secretary (CIB&RC) during which all the cases referred to the Consultant will have to be scrutinized and comments offered. He/She may be called upon to attend the meetings of the RC/CIB at Krishi Bhavan/Nirman Bhavan, New Delhi as the case may be.

**3. Support or inputs to be provided by the Ministry/Deptt. To facilitate the Consultancy**

Besides a consolidated remuneration of Rs.20000/- per month the Consultant would also be provided with logistic support in the form of a room with basic furniture and facility of computer. Local transport will also be arranged for the meetings of the RC/CIB to be held in New Delhi.

## 4. Final outputs that would be required of the consultant

Specific comments from packaging angle on all the files/cases referred to the Consultant for scrutiny and incorporation of the same in the agenda for RC/CIB meetings.

## 5. Eligibility criteria

The eligibility condition is as under:-

Essential:- M.Sc. Chemistry from a recognized University with a course in Packaging from India Institute of Packaging.

Desirable:- Experience in Packaging of Pesticides.

Interested candidates may walk-in for an interview on 14th October, 2011 at the chamber of Plant Protection Adviser, Directorate of Plant Protection, Quarantine & Storage, Old CGO Complex, NH-IV, Faridabad, Haryana-121 001 (Ph: 0129 2413985) on 11.30 A.M. along-with their resume.

(Chief Administrative Officer)

# वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय

(कृषि मंत्रालय का एक सम्बद्ध कार्यालय)

पुराना सी.जी.ओ.कॉम्पलेक्स, एन.एच.-4, फरीदाबाद-121001 (हरियाणा)

मि.सं. 14-15/2007-प्रशा- I दिनांक *30* सितम्बर, 2011

**विषयः केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड एवं पंजीकरण समिति सचिवालय में कीटनाशकों एवं रसायनों की पैकेजिंग के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति ।**

केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड एवं पंजीकरण सचिवालय में कीटनाशकों एवं रसायनों की पैकेजिंग कार्य के लिए संविदा के आधार पर परामर्शदाता के एक पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं । उक्त विषय पर वर्तमान अनुदेशों के अनुसार सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी भी इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं ।

1. **<u>किए जाने वाले कार्यों के उद्देश्यों और रूपरेखा का संक्षिप्त विवरणः-</u>**

कीटनाशी अधिनियम 1968 की धारा 9(3), 9(3-ख) और 9(4) तथा उसके तहत बनाए गए नियमों के तहत केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड एवं पंजीकरण समिति सचिवालय में प्राप्त आवेदन-पत्रों की संवीक्षा करना । यह जांच निर्धारित मानकों के अनुसार की जाएगी ।

पूर्ण औचित्य देते हुए पैकेजिंग की दृष्टि से टिप्पणी देना और पूरे तथ्य बताते हुए पंजीकरण समिति की बैठकों के लिए कार्यसूची तैयार करना ।

केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड एवं पंजीकरण समिति की बैठकों में सचिव को सहयोग देना ।

उपरोक्त के अलावा कोई अन्य प्रासंगिक कार्य ।

2. **<u>कार्यों को पूरा करने की अनुसूचीः-</u>**

यह परामर्श सचिव, ( केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड एवं पंजीकरण समिति) द्वारा निर्धारित, एक माह में सात कार्य दिवस की अवधि के लिए होगा जिसमें परामर्शदाता को उसे सौंपे गए सारे मामलों की संवीक्षा करनी होगी और उस पर अपनी टिप्पणी देनी होगी । उसे आवश्यकतानुसार पंजीकरण समिति/केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड की बैठकों में भाग लेने के लिए कृषि भवन/निर्माण भवन नई दिल्ली भी बुलाया जा सकता है ।

3. **<u>परामर्शदाता की सुविधा के लिए मंत्रालय/विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सहायता या निवेश(इनपुटस)-</u>**

रू. 20,000/- प्रतिमाह के समेकित पारिश्रमिक के अलावा परामर्शदाता को आवश्यक फर्नीचर सहित एक कमरा उपलब्ध कराया जाएगा जिसमें कम्प्यूटर की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी । नई दिल्ली में आयोजित होने वाली पंजीकरण समिति/केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड की बैठकों में भाग लेने के लिए वाहन की व्यवस्था भी की जाएगी ।

जारी........./

Admn.

4. **परामर्शदाता से अपेक्षित अंतिम निकासी(फाइनल आउटपुट)-**

परामर्शदाता को संवीक्षा के लिए सौंपे गए सभी फाइलों/मामलों पर पैकेजिंग की दृष्टि से विनिर्दिष्ट टिप्पणी देना और उसे पंजीकरण समिति/केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड की बैठकों की कार्यसूची में शामिल करना ।

5. **पात्रता का मानदंडः**

इस पद के लिए पात्रता एवं पूर्व अहर्ताएं निम्नानुसार हैः-

**आवश्यकः-** (1) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से रसायन विषय में स्नातकोत्तर डिग्री एवं भारतीय पैकेजिंग संस्थान से पैकेजिंग कोर्स ।

**वांछनीयः-** कीटनाशकों की पैकेजिंग का अनुभव ।

इच्छुक अभ्यर्थी अपने सारवृत्त के साथ दिनांक 14.10.2011 को प्रातः 11.30 बजे वनस्पति संरक्षण सलाहकार के कक्ष, वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय, पुराना सी.जी.ओ.कॉम्पलेक्स, एच.एच.-4, फरीदाबाद- 121001 (हरियाणा), (फोन नं. 0129-2413985) में साक्षात्कार के लिए आएं ।

(मुख्य प्रशासनिक अधिकारी)